# SEVEN SQUARE ACADEMY

**Academic Year – 2018-2019**

**Secondary Section ( Pre – Board Exam)**

नाम ः ____________________ दिनांक ः ०५ / ०१/२०१९

कक्षा ः दसवीं वर्ग ________ अनुक्रमांक ः________

विषय ः हिंदी अधिकतम अंक ः८० निर्धारित समय ः ३ घण्टा **SET - A**

**निर्देश :-**

**१ . इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं -क ,ख,ग और घ |**

**२ . चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

**३ . यथासंभव प्रत्त्येक खंड के क्रमशः उत्तर दीजिए |**

**४ . कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले , प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें |**

## खण्ड -क

**प्रश्न १ . निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर २० - ३० शब्दों में लिखिए ः**

उस दिन बसंत पंचमी थी | सुबह उठते ही कोयल की कूक सुनाई पड़ गई | मन खुश हो गया | इस कोयल ने भी क्या दिन चुना यहाँ आने को | अलसाया सा उठा और अपनी खिड़की से गुलमोहर को देखने लगा | इस उम्मीद में कि शायद कोयल ही दिखलाई पड़ जाए | कोयल तो नहीं दिखी यों उसकी कूक कहीं से आती जाती रही | अब अपने गुलमोहर को देखा तो मन उदास हो गया | इन दिनों यह होता ही है | उसे देखने का मन ही नहीं होता | अजीब बात है कि बसंत आता है तो वह बुझा - बुझा सा नजर आता है | जैसे झर रहा हो वह | उसकी खिलखिलाहट कहीं खो गई हो | एक किस्म की झुंझलाहट होने लगती है | बसंत है या पतझर | बसंत क्या आता है उसका एक - एक पत्ता झरने लगता है |

फागुन का महीना चल रहा है | और हम बसंत पंचमी पहले ही मना चुके हैं | कमाल के लोग हैं यहाँ | बसंत पंचमी मना लेते हैं माघ में और बसंत आता है फागुन के भी बाद चैत्र बैसाख में | माघ और फागुन में तो शिशिर माना जाता है | लेकिन माघ बीतते ही उसे बसंत की आहट सुनाई पड़ने लगती है | बसंत की दस्तक को ही उत्सव में बदल देता है वह उनके लिए तो बसंत पंचमी से ही बसंत शुरू हो जाता है | शास्त्र मानते रहें चैत्र बैसाख में बसंत लेकिन यहाँ का लोक तो फगुनाहट को ही बसंत मानता है |

दिल्ली में पेड़ों की कतारें हैं | किसी सड़क से निकलते हुए किसी पेड़ के नीचे से गुजरिए | पीले पत्ते अनायास आपके पैरों तले चरमर करने लगते हैं | कोई - कोई पत्ता आपके ऊपर या आसपास गिर सकता है | बसंत का मौसम है और इतने पीले पत्ते जमीन पर ढेर दिखलाई पड़ते हैं | आप जानना चाहें तो हर पत्ते का एक इतिहास है | वह अपनी पारी खेलकर धरती पर आ चुका है | दिल्ली में यह पीले पत्ते दिखलाई पड़ते हैं और यहाँ से बाहर निकलता हूँ तो खेतों पर पीले सरसों की पीली चादर बिछी दिखलाई पड़ती है | इस पीले पत्ते और उस पीली सरसों में कितना फर्क ? जिन्दगी के दो अलग अनुभव हैं | एक मन को उदास करता है | दूसरा मन को खुश करता है | और दोनों एक - दूसरे से जुड़े हुए हैं | एक नीम के पेड़ के नीचे खड़ा हूँ | मेरे पैरो के नीचे पीले पत्ते ही पत्ते हैं | लेकिन मैं ऊपर देखता हूँ , तो नये हरे पत्ते नजर आते हैं | ये पीले पत्ते अपनी जिंदगी जी चुके हैं | वे अगर डाल पर अड़े रहते तो नये पत्तों



Scanned by CamScanner

के लिए जगह ही नहीं होती | ऐसे ही किसी वक्त में कभी इन पीले पत्तों को भी किसी ने जगह दी होगी | जिदंगी ऐसे ही चलती है | चलने का नाम ही जिन्दगी है |

**प्रश्न ः-**

**क - गद्यांश को पढ़कर एक उचित शीर्षक लिखिए |** (१)

**ख - गुलमोहर को देखकर लेखक का मन उदास क्यों हो गया ?** (२)

**ग - भारत के लोगों को कमाल क्यों कहा गया है ?** (२)

**घ - हर पत्ते का एक इतिहास है-कैसे ?** (२)

**ग - लेखक पीले पत्ते और पीली सरसों में किस प्रकार का अंतर पाता है -स्पष्ट कीजिए |** (२)

**प्रश्न २ - निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर २० - ३० शब्दों में लिखिए-**

आया था हरे भरे वन में पतझर ,
पर वह भी बीत चला
कोंपले लगी, जो लगी नित्य बढ़ने ,
बढ़ती ज्यों चन्द्रकला ||
चम्पई चाँदनी भी बीती,
अनुराग -भरी ऊषा आई |
जब हरित पीत पल्लव वन में
लौ सी पलाश लाली छाई ||
पतझर की सूखी शाखों में
लग गई आग, शोले लहके |
चिनगी सी कलियाँ खिली और
हर फूनगी लाल फूल दहके ||
सूखी थी नसें
बहा उनमें फिर बूँद - बूँद कर नया खून ||
भर गया उजाला डालों में ,
खिल उठे नये जीवन -प्रसून
अब हुई सुबह , चमकी कलगी ,
दमके मखमली लाल शोले
फूले टेसु बस इतना ही
समझे पर देहाती भोले ||

**प्रश्न ः**

**क - कोंपलो की बढ़ने की तुलना किसके और -क्यों की गई है ?** (२)

**ख - पलाश की तुलना किससे की गई है और पलाश के खिलने से जंगल का दृश्य कैसा हो गया ?** (२)

**ग - ' भर गया उजाला डालों में खिल उठे नये जीवन प्रसून ' - पंक्ति का भाव अपने शब्दों में लिखिए |** (२)

**अथवा**



Scanned by CamScanner

कहते यहाँ सब एक हैं ,
हम एक ही परिवार हैं |
क्यों भाव कलुषित हो रहे ,
क्यों द्वेष की दीवार है ?
दो दिलों के बीच है जो
अब ढहाना चाहता हूँ |
गीत आया है अधर पर
गुनगुनना चाहता हूँ |

पत्थर सरीखे हो रहे ,
अन्तःकरण में पीर है |
जो चार होते थे नयन
अब क्यों उन्हीं में नीर है |
प्रेम की सरिता हृदय में ,
फिर बहाना चाहता हूँ
गीत आया है अधर पर
गुनगुनाना चाहता हूँ

आँधियों की खौफ से ही ,
रोशनी गुल हो गई है;
घिर गई गलियाँ तिमिर से ,
सनसनी फैली हुई है |
जुगनुओं - सा विथियों में ;
टिमटिमाना चाहता हूँ |
गीत आया है अधर पर
गुनगुनाना चाहता हूँ |

**प्रश्न ः**

**क -इस संसार के बारे में सब लोग क्या कहते हैं और इसकी वास्तविकता क्या है ?** (२)

**ख -आँखों में आँसू होने के कारणों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |** (२)

ग - कवि गीत गुनगुनाना क्यों चाहता है ? यदि आप को इस काव्यांश को शीर्षक देना हो तो,वह क्या होगा ? (२)

## खण्ड-ख (व्यावहारिक-व्याकरण)

**प्रश्न ३ -पद कहलाने के लिए ' शब्द ' को अपने स्वरुप में क्या परिवर्तन लाना पड़ता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए |** (२)

**प्रश्न ४ -निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों को रचना के आधार पर निर्देशानुसार रूपांतरित कीजिए |** (३)

(क) यद्यपि रास्ते में कंकड हैं तथापि रास्ता पार करना असंभव नहीं |**(सरल वाक्य)**

(ख) इस वर्ष पानी न बरसने के कारण फसल अच्छी नहीं हुई |**(संयुक्त वाक्य)**

(ग) वह पत्रिका पढ़ने के लिए पुस्तकालय गया | **(संयुक्त वाक्य)**

(घ) तुम खाना खाकर सो जाना |**( मिश्र वाक्य)**



Scanned by CamScanner

प्रश्न ५ (अ) . निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का समास - विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए- (२)

(i) गजराज (ii) शरणागत (iii) पदच्युत (iv) क्रोधाग्नि

(आ) . निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो समास - विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए- (२)

(i) युद्ध के लिए क्षेत्र (ii) तीन हैं लोचन जिसके (iii) घन के समान श्याम

प्रश्न ६ . रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए | (२)

(क) मैंने जब रमन से अपने रूपये माँगें , तो वह ____________ लगा |

(ख) यदि कुछ कर नहीं सकते तो शांत रहो , खून ____________ का क्या लाभ |

प्रश्न ७ . निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए - (४)

(क) दरअसल में वह उसे प्रेम करती है |

(ख) उसने तरह - तरह के चमड़े के जूते खरीदे |

(ग) वह केवल मात्र दो समय ही भोजन करती है |

(घ) देश में अंध - परंपराएँ को हटाना अनिवार्य है |

(ङ .) बुरी आदतों का अनुशासन करना बुरा है |

## खण्ड-ग

प्रश्न ८ . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (२+२+१)

क . बड़े भाई साहब अपने किन कर्तव्यों के कारण कनकौए उड़ाने व खेलने से अपने आप को रोकते थे ?

ख . तताँरा - वामीरो की मृत्यु त्यागमयी और सुखद परिवर्तन लाने वाली क्यों मानी जाती है ?

ग . मनुष्य किन दो कालों में उलझकर जीना भूल जाता है ?

प्रश्न ९ . (अ) महाकवि शेख अयाज़ , सुलेमान और लशकर ( नूह ) की कहानियों के माध्यम से लेखक निदा फ़ाज़ली हमें क्या सीख देना चाहते हैं और क्यों ? (५)

अथवा

(आ) " महात्मा गांधी सोने में ताँबा नहीं बल्कि ताँबे में सोना मिलाकर उसकी कीमत बढ़ाते थे | " इस कथन की पुष्टि सोदाहरण कीजिए |

प्रश्न १० . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (२+२+१)

क . बिहारी के दोहों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि ' सच्चे मन में ईश्वर बसते हैं | '

ख . ' आत्मत्राण ' प्रार्थना गीत का मूल भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए |

ग . ' तोप ' कविता में किस काल के युद्ध का उल्लेख किया गया है ?

प्रश्न ११ (अ) कबीर ने अहंकार व ईश्वर के बीच कैसा संबंध बताया है ? विनयशीलता के लिए निंदा सहना व भक्ति के लिए अहंकार को त्यागना क्यों आवश्यक है ? कबीर के दोहों को उदाहरणार्थ प्रस्तुत करते हुए चर्चा कीजिए | (५)



Scanned by CamScanner

**अथवा**

(आ)' कर चले हम फ़िदा ' गीत सैनिकों के हृदय की आवाज़ किस प्रकार बयान करता है और सैनिक देशवासियों से क्या - क्या अपेक्षाएँ रखते हैं ? सप्रसंग चर्चा कीजिए ।

प्रश्न १२ (अ) 'हरिहर काका ' पाठ के आधार पर बताइए कि ठाकुरबारी के प्रति गाँववालों की अपार श्रद्धा क्यों थी ? किन आशंकाओं के कारण महंतजी और हरिहर काका के भाई , हरिहर को ज़मीन उन्हें लिख देने का निवेदन करने लगे थे ? (५)

**अथवा**

(आ) टोपी के नवीं कक्षा में दो बार फ़ेल हो जाने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर अपना मत अभिव्यक्त कीजिए ।

**खण्ड-घ**

**प्रश्न १३ -निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग ८०-१०० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** (५)

**(क) परीक्षा का भय**

**संकेत बिंदु ः**

- परीक्षा का अर्थ
- हमारी क्षमताओं का प्रतिबिंब
- बुद्धि का विकास ............
- परीक्षा का दबाव .........
- दबाव कम करने के उपाय

**(ख) मोबाइल ः सोशल मीडिया से असमाजिकता की ओर**

**संकेत बिंदु ः**

- कारण
- प्रभाव...... मोबाइल से पहले की जीवनचर्या की तुलना
- बचने के उपाय

**(ग) कैसा शासन बिन अनुशासन**

**संकेत बिंदु ः**

- अनुशासन की आवश्यकता
- देश की वर्तमान स्थिति
- अनुशासनहीनता के कारण
- सुशासन के उपाय



Scanned by CamScanner

प्रश्न १४ (अ) . कक्षा के प्रतिनिधि होने के नाते गणित विषय को बेहतर करने के लिए कक्षा की तरफ से गणित विषय के लिए अतिरिक्त कक्षा की व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए | (५)

**अथवा**

(आ) . विद्यालय के मुख्य द्वार पर बैठे खोमचे वालों को हटाने के लिए प्रधानाचार्य को अनुरोध पत्र लिखिए |

प्रश्न १५ (अ) . आप विद्यालय के छात्र संघ के सचिव हैं | विद्यालय में मोबाइल निषेध है | इससे संबंधित सूचना जारी करते हुए २५ -३० शब्दों में सूचना तैयार कीजिए | (५)

**अथवा**

(आ) . विद्यालय के वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए एक सूचना तैयार कीजिए |

प्रश्न १६ (अ) . अपने मोहल्ले में कूड़े के ढेर लगे देख दो निवासियों की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए | (५)

**अथवा**

(आ) . स्वच्छ भारत अभियान की रैली के बाद सड़कों पर फैली गंदगी के प्रति चिंता व्यक्त करते दो छात्रों के बीच लगभग ५० शब्दों में संवाद लिखिए |

प्रश्न १७ (अ) . अब आपकी ऊँचाई बढ़ गई है और आपकी साइकिल छोटी लगने लगी है | उसे बेचने के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए | (५)

**अथवा**

(आ) . अपनी पुरानी पुस्तकें गरीब विद्यार्थियों में निःशुल्क वितरित करने की जानकारी देते हुए एक विज्ञापन लगभग २५ शब्दों में लिखिए |

******************ALL THE BEST******************



Scanned by CamScanner